हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 3 अगस्त 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


2 — 32 हजार किसानों के खाते में आए 6.79 करोड़





आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग

जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.

मों. 9826156669, 7000288169

B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)

G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)

स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार

पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरवार रोड, मायापुर अंबिकापुर


## खबर संक्षेप

### आवास निर्माण में लापरवाही पर दो सचिव निलंबित

**अम्बिकापुर।** प्रधान मंत्री आवास योजना कार्य में लापरवाही पर जिपं सीईओ ने दो पंचायत सचिव को निलंबित करने के साथ ही एक को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। बताया जा रहा है कि कलेक्टर द्वारा पीएम आवास को लेकर जिपं सभाकक्ष में बैठक ली गई थी। इस बैठक में जनपद पंचायत अंबिकापुर के ग्राम पंचायत पंपापुर में पदस्थ सचिव शम्भूशंकर सिंह बैठक में अनाधिकृत रूप से बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित थे। ग्राम पंचायत में जनमन योजना अन्तर्गत 31 आवास स्वीकृत हैं, जिसमें से एक भी आवास पूर्ण नहीं है। इसी प्रकार जनपद पंचायत सीतापुर के ग्राम पंचायत गेरसा में पदस्थ सचिव मनबहाल राम अनाधिकृत रूप से बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित थे। ग्राम पंचायत में जनमन योजना अन्तर्गत 24 आवास स्वीकृत हैं, जिनमें से केवल 7 आवास पूर्ण है। इससे स्पष्ट होता है कि इन सचिवों के द्वारा शासन की महत्वकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में रूचि नहीं ली जा रही है, जो कि कार्य के प्रति लापरवाही को प्रदर्शित करता है। ऐसे में इस लापरवाही के लिए जिपं सीईओ विनय अग्रवाल ने पंचायत सचिव शम्भूशंकर सिंह व मनबहाल राम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही बैठक में समीक्षा के दौरान लुंड्रा के ग्राम पंचायत रघुपुर के आवास प्रगति की समीक्षा के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत में 67 आवास स्वीकृत हैं जिसमें आज दिनांक तक एक भी आवास पूर्ण नहीं है। ग्राम पंचायत रघुपुर के सचिव श्याम कुमार गुप्ता द्वारा कार्य में रूचि नहीं लिए जाने पर उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

### वन विभाग की लापरवाही से हुई हाथी के हमले में मौतें

**अंबिकापुर।** हाथियों के हमले में लगातार हो रही मौतों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव ने बयान जारी किया है। उन्होंने बताया कि सीतापुर देवगढ़ के मोहरलाल की जान हाथियों ने नहीं बल्कि सरकार और वन विभाग की लापरवाही ने ली है। 15 दिनों में हाथियों के कुचलने से 6 लोगों की जान जा चुकी है मगर सरकार और प्रशासन खामोश बैठे हैं। यह चुप्पी भाजपा सरकार की नाकामी और असंवेदनशीलता को उजागर करती है। ग्रामीण रोज़ मौत के साए में जी रहे हैं, मगर किसी अधिकारी या मंत्री को उनकी सुध लेने की फुर्सत नहीं है। हाथियों के आतंक से गांव खाली हो रहे हैं, किसान खेतों में नहीं जा पा रहे, बच्चे स्कूल छोड़ने पर मजबूर हो रहे हैं। सरकार सिर्फ बयानबाजी कर रही है। ग्रामीणों की पीड़ा पर सरकार और वन विभाग की बेरुखी निंदनीय है।

### एसडीएम से मिलने वाली अनुमति का उठा रहे फायदा

# यूकेलिप्ट्स पेड़ों की कटाई के लिए क्षेत्र में सक्रिय हुए गैंग, बन रही विवाद की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

**खास बात**

- नीलगिरी की आड़ में काटे जा रहे और भी इमारती पेड़

यूकेलिप्टस पेड़ों की कटाई का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। तस्कर बेखौफ होकर पेड़ों की कटाई कर रहे है। बड़ी बात यह है कि पेड़ों की कटाई के लिए अलग अलग गैंग सक्रिय हो गए है जिनके बीच अब पेड़ काटने को लेकर अब गैंगवार शुरू हो गए है। आलम यह है कि तस्कर अधिकारियों को भी धमकाने से परहेज नहीं कर रहे है। यही स्थित रही तो आने वाले समय में तस्करों के बढ़ते हौसलों के कारण किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

यूकेलिप्टस पेड़ों की कटाई को लेकर गैंगवार जैसी घटना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुन्दरनगर आमाटोली में सामने आई है। बताया जा रहा है कि 1 अगस्त को आमाटोली निवासी भूतपूर्व सैनिक दुर्जन राम भगत ने अपने निजी भूमि पर लगे यूकेलिप्ट्स के पेड़ों की कटाई के लिए एसडीएम कार्यालय में आवेदन दिया था। भूतपूर्व सैनिक दुर्जन राम की ओर से यह आवेदन धरमपुर निवासी लकड़ी तस्कर के दलाल सुरेश ने लगाया था। आवेदन के आधार पर निरीक्षण उपरान्त दुर्जन राम को पेड़ कटाई की अनुमति भी मिल गई। इस बीच पेड़ कटाई की अनुमति मिलने की जानकारी स्थानीय गैंग को मिल गई और उन्होंने जमीन मालिक को अधिक पैसों का प्रलोभन देते हुए पेड़ों की कटाई शुरू कर दी।

इस बात की जानकारी पेड़ कटाई के लिए अनुमति दिलवाने वाले यूपी के गैंग को मिली तो वे भी वहां पहुंच गए और काटे गए पेड़ों पर अपना दावा ठोकने लगे। इस दौरान दोनों गैंग के बीच विवाद शुरू हो गया और देखते ही देखते स्थिति तनावपूर्ण हो गई। घंटों चले विवाद के बाद आखिरकार स्थानीय गैंग ने पेड़ों की कटाई शुरू कराई।



यूकेलिप्टस की अनुमति लेकर तस्करों द्वारा काटे गए अन्य प्रजाति के पेड़।

#### वन विभाग ने खड़े किए हाथ

इस मामले में जब वनपरिक्षेत्राधिकारी विजय कुमार तिवारी से बात की गई तो उन्होंने इसे राजस्व विभाग का मामला बताते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया। उनका कहना था कि निजी भूमि पर लकड़ी कटाई की अनुमति एसडीएम देते है। एसडीएम की अनुमति के साथ ही लकड़ी कटाई एवं परिवहन का भी अधिकारी कटाई करने वाले को मिल जाता है।इस मामले में वन विभाग किसी तरह का दखलंदाजी नही दे सकता है।न हम लकड़ी पकड़ सकते है और न ही कोई कार्यवाही कर सकते है।अगर बिना अनुमति के लकड़ी कटाई और ढुलाई हो रही हो तब वन विभाग कार्यवाही कर सकती है।

#### की जाएगी कार्रवाई

लकड़ी जब्ती की कार्रवाई की गई है। लकड़ी को पुलिस के हवाले किया गया है। अनुमति से ज्यादा पेड़ काटने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

-नीरज कौशिक, एसडीएम

#### 10 पेड़ों के आड़ में काटे दर्जनों पेड़



बड़ी बात यह है कि तस्कर अब बेखौफ होकर पेड़ों की कटाई कर रहे है। तस्करों द्वारा 10 पेड़ों की आड़ में दर्जनों पेड़ काटे जा रहे है। आमाटोली में भी तस्करों ने 10 पेड़ की जगह बेहिसाब यूकेलिप्ट्स के पेड़ काट दिए। तस्कर क्षेत्र में यही कर रहे है। तस्कर यूकेलिप्ट्स के साथ बबुल सेमर समेत खम्हार एवं अन्य प्रजाति की इमरती लकड़ी की बेधड़क कटाई कर बाहर खपा रहे है। इन पेड़ों को तस्करों द्वारा उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों में बेचकर मोटी कमाई की जा रही है।

#### राजस्व अमला के साथ किया गया विवाद

लकड़ी तस्करों को संरक्षण मिला हुआ है यही वजह है कि उनपर किसी प्रकार की कड़ी कार्रवाई नहीं की जा रही है। कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति करने से ही इनके हौसले बुलंद है। कटाई के दौरान जब राजस्व अमला मौके पर पंचनामा करने पहुंचा तो तस्करों ने उनके साथ भी जमकर विवाद किया और उन्हें धमकी दी। राजस्व अमला ने इस मामले की जानकारी एसडीएम को दी जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही विवाद कर रहे तस्कर भाग निकले।

## 12 लाख के नशीले इंजेक्शन के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- मुख्य सप्लायर की तलाश में जुटी पुलिस



नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सरगुजा पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक युवक के पास से 12 सौ नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया है जिसकी कीमत 12 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने नशीला इंजेक्शन बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश रहे युवक को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।

बताया जा रहा है कि 1 अगस्त को गांधीनगर पुलिस मनेन्द्रगढ़ रोड में पेट्रोलिंग पर निकली हुई थी। इस दौरान सेंट्रल स्कूल के सामने सड़क किनारे एक युवक सफेद प्लास्टिक बोरा और पिट्ठू बैग के साथ मौजूद था। युवक पुलिस को छोडकर प्लास्टिक बोरा छोड़कर भागने लगा। ऐसे में पुलिस ने जब दौड़ाकर युवक को पकड़ा तो उसकी पहचान जशपुर जिले के सन्ना कोपा निवासी 22 वर्षीय रोहित भगत आ. गोविन्द भगत के रूप में की गई। आरोपी शहर के गांधीनगर के सुभाष नगर में रहकर नशे का अवैध कारोबार करता है। पुलिस ने युवक के पास मौजूद प्लास्टिक बोरी से प्रतिबंधित नशीली इंजेक्शन 12 सौ बरामद किया गया। पुलिस ने जब्त किए गए प्रतिबंधित इंजेक्शन की कीमत 12 लाख रुपए आंकी है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ 22 सी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं इतनी बड़ी मात्रा में नशे का सामान सप्लाई करने वाले तस्कर की तलाश शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल, आरक्षक अतुल शर्मा, अरविन्द उपाध्याय, विकास सिंह, घनश्याम देवांगन, राहुल सिंह, अजित मिंज, दीपक सोनवानी, सैनिक अनिल साहू, चालक रामवृक्ष सक्रिय रहे।

### नशीले इंजेक्शन, टेबलेट व कफ सिरप के साथ ग्रामीण गिरफ्तार,गया जेल



**धौरपुर।** सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि गत दिन धौरपुर क्षेत्र में गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना धौरपुर अंतर्गत अजमल खान एवं बसंत ठाकुर के पास से बड़ी मात्रा में नशीला इंजेक्शन, कफ सिरप एवं टैबलेट जब्त किया था। बसंत ठाकुर के घर की तलाश में 90 नग नशीला इंजेक्शन एवं 215 नग टेबलेट बरामद किया गया था। पूछताछ में बसंत ठाकुर ने बताया कि थाना लुण्ड्रा अंतर्गत गुजरवार निवासी दिनेश ठाकुर उसको नशीले इंजेक्शन, टेबलेट व कफ सिरप देता था। बसंत ठाकुर की सूचना पर आज सुबह दिनेश ठाकुर के घर दबिश दी गई। दिनेश ठाकुर के घर की तलाश में एक सफेद रंग के झोले में 570 नग टेबलेट, 6 नग कफ सिरप,,9 नग इंजेक्शन जब्त किया। आरोपी दिनेश ठाकुर के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 बी, 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, अशोक सोनी एवं नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी एवं नीरज चौहान सक्रिय रहे।

## एकलव्य आवासीय विद्यालय की अधीक्षिका ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

- 45 दिनों में आत्महत्या करने की यह पांचवीं घटना



नगर के वार्ड क्रमांक 3 रिंग रोड स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय के कन्या छात्रावास की अधीक्षिका नेहा वर्मा ने आज सुबह दुपट्टा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी विद्यालय के अन्य स्टाफ को लगी तो तत्काल दरवाजा को धक्का देकर फांसी से उतारा गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार एकलव्य आवासीय विद्यालय के कन्या छात्रावास की अधीक्षिका नेहा वर्मा आ. संजय कुमार (25 वर्ष) पटना बिहार की रहने वाली थी। वह पिछले वर्ष 27 जून को कन्या छात्रावास अधीक्षका के रूप में पदभार ग्रहण किया था। एकलव्य आवासीय विद्यालय के प्राचार्य राजू सिंह ने बताया कि नेहा व्यवहार कुशल एवं अपने कर्तव्य के प्रति कर्मठ कर्मचारी थी। कल रात तक उसने अपना ड्यूटी का निर्वहन किया आज सुबह 10.30 बजे के करीब विद्यालय के अन्य स्टाफ से मुझे आत्महत्या कर लेने की जानकारी मिली जिसके बाद इसकी सूचना थाने में दी गई। विद्यालय के अन्य सहयोगी कर्मचारी ने बताया कि सुबह तक वह ठीक-ठाक लोगों से बात विचार कर रही थी। एकाएक घटना से सभी स्तब्ध हैं। नेहा द्वारा शासकीय क्वार्टर में आत्महत्या किया गया। रामानुजगंज क्षेत्र में बीते 45 दिनों में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की यह पांचवीं घटना है। फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले सभी लोगों की उम्र 18 से लेकर 30 वर्ष के बीच है एवं सभी अविवाहित थे।

#### घटना के बाद लगातार बज रहा था मोबाइल

नेहा वर्मा की लाश को विद्यालय के कर्मचारियों द्वारा उतारा। वही नेहा का मोबाइल लगातार बज रहा था। इंस्टाग्राम के माध्यम से नेहा के दूसरे सहयोगी विद्यालय स्टाफ को घटना की सूचना किसी युवक द्वारा दी गई। आत्महत्या का कारण प्रेम प्रसंग के कारण होने की संभावना जताई जा रही है जो जांच के बाद स्पष्ट होगा।

## विद्युत समस्याओं को लेकर महापौर ने ली विभाग की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



शहर में विद्युत आपूर्ति, जर्जर विद्युत पोल सहित अन्य समस्याओं को लेकर महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने विद्युत विभाग व नजूल विभाग के अधिकारियों की बैठक ली इस दौरान शहर में व्याप्त समस्याओं को लेकर चर्चा की गई और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। बता दें कि शहर में विद्युत व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब हो गई है। विद्युत कटौती के साथ ही शहर में जगह जगह विद्युत पोल जर्जर होने की समस्या है। इसके साथ ही विद्युत तार टूटकर सड़क पर झूलने से हाल ही में एक नागरिक की मौत हो गई। ऐसे में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने एमआईसी सदस्यों, पार्षदों के साथ विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं नजूल आरआई की बैठक ली। विद्युत विभाग से वार्ड में जर्जर पोल, जर्जर केबल, हाईटेंशन लाईन एवं अतिरिक्त ट्रांसफार्मर हेतु चर्चा की गई। इसके साथ ही वार्डो की समस्याओं के लिए वार्ड पार्षद द्वारा विस्तार से जानकारी दी गी। महापौर ने समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। विद्युत विभाग के अधिकारियों के द्वारा शीघ्रताशीघ्र उपरोक्त समस्याओं के निराकरण हेतु आश्वस्त किया गया। वहीं नजूल विभाग से शहर में 67 आंगनबाड़ी केंद्र बनाए जाने हेतु भूमि चिन्हांकन के लिए चर्चा की गई।

## फार्मेसी कराने के नाम पर 2.35 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

- लम्बे समय से चल रहा था फरार, छिपा था गुजरात में



फार्मेसी कराने के नाम पर सवा दो लाख रुपए से अधिक की ठगी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक वारदात के बाद लम्बे समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर उसे अंबिकापुर से गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि नगर के हेमंत मिश्रा के छोटे भाई समंत मिश्रा को फार्मेसी कराने के नाम पर वेद प्रकाश पाण्डेय उर्फ उमेश पांडेय ने 2 लाख 35 हजार रुपए अपने अकाउंट में वर्ष 2021-22 में लिया था और फार्मेसी में एडमिशन नहीं होने पर रुपए वापस लौटाने का वादा करते हुए एक चेक भी दिया था। इस दौरान जब फार्मेसी में एडमिशन के लिए समंत मिश्रा का नाम नहीं आया तो उसने अपने पैसे वापस मांगे। युवक पैसे लौटाने के लिए टाल मटोल करता रहा। वहीं वेद प्रकाश पाण्डेय द्वारा दिए गए चेक को बैंक में लगाने पर चेक बाउंस हो गया। ऐसे में वर्ष 2024 में हेमंत मिश्रा ने मामले की शिकायत की थी। पुलिस द्वारा मामले में भादवि की 420 के तहत अपराध दर्ज किया था। अपराध दर्ज होने के बाद आरोपी लगातार फरार चल रहा था। ऐसे में पुलिस द्वारा तकनीकी माध्यम से आरोपी की तलाश की जा रही थी लेकिन आरोपी भारत के अलग अलग हिस्से में छिपते चल रहा था। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी युवक फिर से अंबिकापुर आया हुआ है ऐसे में पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी वर्तमान में गुजरात के दमन में कोचिंग पढ़ाने का काम करता था। पुलिस ने आरोपी झारखंड के जमशेदपुर निवासी 34 वर्षीय वेद प्रकाश पांडे उर्फ उमेश पांडेय आ. रामसेवक पांडेय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी धीरेंद्र तिवारी, सउनि पुष्पराज सिंह, साइबर आरक्षक आकाश तिवारी, राजकिशोर पैकरा,चौकी वाड्रफनगर के आरक्षक देव कुमार सक्रिय रहे।


MARK OF SPECIALIZED EXCELLENCE



किडनी और यूरीन की सभी समस्याओं का इलाज अनुभवी विशेषज्ञों के साथ

यूरोलॉजी सेवाएं:
- लेजर से पथरी का इलाज —बिना चीरे
- बिना दर्द प्रोस्टेट ऑपरेशन
- पेशाब नली की सिकुड़न का इलाज
- किडनी और मूत्राशय के कैंसर का समय पर इलाज
- छोटे चीरे से, पथरी की सुरक्षित ऑपरेशन तकनीक (PCNL)

नेफ्रोलॉजी सेवाएं
- हेमो डायलिसिस
- पमकिथ टनल्ड डायलिसिस
- सीएपीडी (पेरिटोनियल डायलिसिस)
- किडनी बायोप्सी

MARK HOSPITAL

SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013

Tertiary Care - Super Speciality Hospital

NABH Accredited Hospital

Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU

FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486

Contact No: 07752-796230, 9039028850

Website: www.markhospital.com

Email: Info@markhospital.com

AdPRAYAS


## नोटबुक की जगह रफकॉपी में लिखने पर टीचर ने बेरहमी से पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- छात्रा के हाथ में आया सूजन, परिजन ने की शिकायत

शहर के एक मिशनरी स्कूल में छात्राओं के साथ बेरहमी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। स्कूल में केमिस्ट्री की शिक्षिका ने बच्चियों को सिर्फ इस लिए डंडे से पीट दिया क्यों कि वे अपने कक्षा में नोटबुक की जगह रफ कॉपी में लिख रही थी। इस मारपीट से एक छात्र के हाथ में सूजन आ गया है। हैरानी की बात तो यह है कि प्रबंधन अब इस मामले में छात्रा और उनके परिजन से माफी मांगने की बात कह रहा है।





चोट दिखाती छात्रा, स्कूल परिसर।

बताया जा रहा है कि शहर के नवापारा में संचालित सेंट जोन्स हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 11वीं में पढने वाली छात्राएं 31 जुलाई को कक्षा में बैठकर पढ़ाई कर रही थी। इस दौरान छात्रा ने पढाई के दौरान नोटबुक के स्थान पर रफ कॉपी में लिखना शुरू कर दिया। जब शिक्षिका निर्मला ने यह देखा तो वे भड़क गई। आरोप है कि शिक्षिका ने छात्रा को खड़े करके डंडे से उसकी बेदम पिटाई कर दी। इतना ही नहीं शिक्षिका ने कक्षा में 15 से अधिक बच्चों की पिटाई की गई। मारपीट से बच्ची के हाथ में सूजन आ गया। घर जाने के बाद बच्ची ने मामले की जानकारी अपने परिजन को देते हुए स्कूल नहीं जाने की बात कही। जब परिजन ने बच्ची की जांच की तो उसके हाथ में सूजन था। ऐसे में परिजन ने मामले की शिकायत 1 अगस्त को चाइल्ड लाइन और जिला शिक्षा अधिकारी से की है। शिकायत के बाद शनिवार को चाइल्ड लाइन की टीम भी बच्ची से मिलने गई थी और उसका बयान भी लिया गया है। इस संबंध में प्राचार्य पीटर खेस ने बताया की छात्रा और उसके परिजन से माफी मांगी जाएगी। इस तरह का आचरण स्कूल नहीं होगा।

#### की जाएगी जांच

इस मामले की सूचना मुझ तक नहीं आई है। मामला गंभीर है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

दिनेश झा डीईओ

**खबर संक्षेप**

## पीएम का प्रसारण देखने की गई थी व्यवस्था

**अनूपपुर।** प्रधानमंत्री द्वारा शनिवार को वाराणसी उप्र से आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय किसान सम्मान समारोह के अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि का हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया गया। इस कार्यक्रम को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार सहित जिले के जनपद व नगरीय एवं ग्रामीण निकायों में देखने एवं सुनने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ काफी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे। जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी, अधीक्षक भू-अभिलेख प्रदीप कुमार मोगरे सहित काफी संख्या में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के हितग्राही उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिंगल क्लिक के माध्यम से देश के 9 करोड़ 70 लाख से अधिक किसानों को 20,500 करोड़ रूपए की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाते में अंतरित की।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा 5 को

**मनेन्द्रगढ़।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 5 अगस्त को जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के सभाकक्ष अमृत सदन में समय 12 बजे से नियत की गई है। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम ने जिला पंचायत अध्यक्ष, सभी सम्मानीय सदस्यों तथा संबंधित अधिकारियों को नियत तिथि एवं समय पर उक्त बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## जिले में अब तक 674.8 मिमी वर्षा दर्ज

**मनेन्द्रगढ़।** जिले की भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी ऑकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में जिले में औसत 19.15 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि कोटाडोल तहसील में अब तक की सर्वाधिक 869.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से 1 अगस्त तक जिले में कुल औसत 674.8 मिमी वर्षा भू-अभिलेख शाखा द्वारा दर्ज की गई है, जो खरीफ फसलों की बोआई के लिए अनुकूल मानी जा रही है। भू-अभिलेख शाखा के अनुसार, तहसीलवार वर्षा की बात करें तो मनेन्द्रगढ़ में 734.1 मिमी, खड़गवां में 556.4 मिमी, चिरमिरी में 631.2 मिमी, केल्हारी में 540.5 मिमी, भरतपुर में 717.7 मिमी और कोटाडोल में 869.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

### प्रधानमंत्री ने दी सौगात, कृषि विज्ञान केन्द्र में जिला स्तरीय कार्यक्रम

# 32 हजार किसानों के खाते में आए 6.79 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अन्नदाताओं के लिए शनिवार का दिन खास रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20 वीं किस्त का शुभारंभ किया। इसी क्रम में कोरिया जिले के 32 हजार 646 किसानों को भी बड़ी सौगात मिली। इन किसानों के खातों में कुल 6.79 करोड़ रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे पहुंचाई गई।

जिले में मुख्य कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र सलका में आयोजित किया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में हुए इस आयोजन में किसानों ने प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन सुना और अपनी खुशी व्यक्त की। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने किसानों को बधाई देते हुए कहा कि यह राशि उनकी खेती में नई ऊर्जा भरेगी। उन्होंने किसानों से पीएम जन-धन खाता केवाईसी पूरा कराने और एग्रीस्टेक में पंजीयन कराने की अपील की। साथ ही आवारा मवेशियों पर चिंता जताते हुए कहा कि मवेशियों को सार्वजनिक सड़कों या बाजारों में न छोड़ें, इससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने कहा कि पहले के समय में किसान का वजूद सर्वोपरि था। आज फिर से पढ़े-लिखे लोग खेती की ओर लौट रहे हैं। उन्होंने पीएम की तारीफ करते हुए कहा कि तीसरी बार पदभार संभालते ही उन्होंने अपना वादा निभाया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े ने कहा कि सरकार लगातार किसानों के हित में योजनाएं ला रही है और हम विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती कुसरो भी कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद रहीं।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

### कृषि से जुड़े नवाचारों की जानकारी

इस अवसर पर कृषि विभाग के उप संचालक राजेश भारती ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे योजनाओं का लाभ उठाएं और कृषि कार्यालय से जुड़कर सलाह लें। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और काफी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों को कृषि आधारित योजनाओं और संसाधनों की जानकारी भी दी गई।

## एमसीबी के 28 हजार से अधिक किसानों को मिला लाभ

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को 20 वीं किस्त की राशि का अंतरण 2 अगस्त को प्रातः 11 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से वाराणसी उत्तरप्रदेश से वेबकास्ट के माध्यम से किया गया। यह राशि डीबीटी प्रणाली के अंतर्गत सीधे पात्र किसानों के बैंक खातों में अंतरित की गई। इस अवसर पर जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन उप संचालक कृषि इन्द्रासन सिंह पैकरा के मार्गदर्शन में कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सभापति कृषि स्थायी समिति जिला पंचायत श्रीमती सुखमंती सिंह, जिला पंचायत सदस्य रामजीत लकड़ा तथा सभापति कृषि स्थायी समिति जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ रविशंकर वैश्य उपस्थित रहे। श्रीमती सिंह ने अपने संबोधन में किसानों को राष्ट की रीढ़ बताते हुए उन्हें पालनहार का दर्जा प्रदान किया और कहा कि शासन की विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं का लाभ प्रत्येक कृषक तक समय पर पहुंचे, यह हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए। उप संचालक कृषि श्री पैकरा ने जानकारी दी कि जिले के कुल 28477 कृषकों को इस 20 वीं किस्त के रूप में 5 करोड़ 89 लाख रूपए की राशि अंतरित की गई है। साथ ही उन्होंने अपील की कि कोई भी पात्र किसान इस योजना के लाभ से वंचित न रहे, इसके लिए सभी कृषक समय पर एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराएं और अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण करें।



## डीएवी चिरमिरी में विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ⏭ वेस्ट चिरमिरी

डीएवी पब्लिक स्कूल चिरमिरी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए गठित विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण समारोह विद्यालय के सभागार में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ थाना प्रभारी चिरमिरी रामनारायण गुप्ता द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एसके पांडे ने अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया। छात्रों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया गया। इसके पश्चात पहलगाम हमले पर आधारित एक भावनात्मक लघु नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसने सभी उपस्थितजन को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित छात्र कैबिनेट को शपथ दिलाई गई एवं हाउस फ्लैग वितरित किए गए। इस अवसर पर हेड बॉय श्रेयांश सिंह, हेड गर्ल समृद्धि चावला, डिप्टी हेड बॉय वेदांश पंडा, डिप्टी हेड गर्ल अनन्या सिंह सहित सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्वों की औपचारिक सौंप की गई। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि श्री गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के सदस्य अनुशासन, निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करें। यही गुण उन्हें भविष्य में एक आदर्श नागरिक बनाएंगे। विद्यालय के प्राचार्य एसके पांडे ने छात्र परिषद को बधाई देते हुए कहा कि अनुशासन सफलता की पहली सीढ़ी है, जब आप अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग रहते हैं, तो सफलता स्वतः आपके पास आती है। हमारे आज के मुख्य अतिथि श्री गुप्ता इसका जीवंत उदाहरण हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन खेल शिक्षक योगेश जोंधाले एवं सीमा सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। समारोह के अंत में वरिष्ठ शिक्षक बीआर पंडा ने मुख्य अतिथि सहित सभी उपस्थितजन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एक दिन के प्रिंसिपल बने विद्यार्थी

**चरचा कॉलरी।** क्षेत्र स्थित हिन्द विद्यालय अंग्रेजी माध्यम हायर सेकेंडरी स्कूल में एक अनोखी पहल के तहत केजी 1 से लेकर कक्षा 12 वीं तक के उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को एक दिन का प्रिंसिपल बनाकर सम्मानित किया गया।

इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाना और नेतृत्व क्षमता को विकसित करना रहा। विद्यालय के केजी-1 सी के छात्र नयन कुमार अग्रवाल पिता अंकित अग्रवाल को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए एक दिन का प्रिंसिपल बनाया गया। इसी प्रकार कक्षा 1 के विश्वजीत, कक्षा 2 की सान्वी, कक्षा 9 वीं के गुलाम राजधानी, प्रथम, पूर्णिमा, आर ए दिव्यांशु, कक्षा 10 वीं की जोया अली, कक्षा 11 वीं के आर ए अंशु, कुमारी अंतरा तथा कक्षा 12 वीं की नूरी शबा व आयशा अफरीन को भी यह सम्मान दिया गया। विद्यालय के डायरेक्टर निसार खान और प्राचार्य शशिभूषण राय के मार्गदर्शन में यह सम्मान समारोह आयोजित हुआ।



## खनिज माफिया की दबंगई पत्रकार को दी धमकी

**जनकपुर।** एमसीबी जिले भरतपुर तहसील मुख्यालय जनकपुर के पंद्रह टोली में जेसीबी मशीन से अवैध रूप से खनन और परिवहन करने की समाचार संकलन कर रहे पत्रकार शिवम प्यासी के मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। संवाददाता ने उक्त मामले की लिखित शिकायत पुलिस थाना जनकपुर और एसडीएम भरतपुर को देकर कार्रवाई करने की मांग किया है। वहीं इस घटना में क्षेत्र के पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने शासन-प्रशासन एवं जनकपुर पुलिस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यहां की लचर कानून व्यवस्था से न ही पत्रकार सुरक्षित है और न ही आदिवासी समाज के लोग और जिम्मेदार प्रशासन मौन है। जनकपुर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था पर सवालों का अंबार लगा हुआ है।

## भू-स्खलन से चट्टान सड़क पर...



**बैकुण्ठपुर।** जिले के सोनहत मार्ग पर शिवघाटी क्षेत्र में भारी बारिश की वजह से सड़क किनारे घाटी क्षेत्र में भू-स्खलन से बड़ा चट्टान सड़क किनारे गिरा। कम ऊंचाई होने के कारण भू-स्खलन के दौरान गिरा चट्टान सड़क किनारे ही स्थिर हो गया।

# अखंड महादेव कांवड़ यात्राः घर-घर जाकर शिव भक्त दे रहे निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत

विकासखंड मुख्यालय सोनहत के दुर्गा पंडाल परिसर स्थित नवनिर्मित अखंड महादेव शिव मंदिर में सावन के चतुर्थ सोमवार को जलाभिषेक के लिए वृहद कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए महिला एवं पुरूष शिव भक्तों की टोली पूरे क्षेत्र में घर-घर जाकर श्रद्धालुजन को आमंत्रित कर रही है।



जनपद उपाध्यक्ष संदीप जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पावन अवसर पर ग्राम मेण्ड्रा स्थित हसदेव नदी के उद्गम स्थल से जल भरकर कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी, जो दुर्गा पंडाल स्थित अखंड महादेव मंदिर तक पहुंचेगी। यहां शिव भक्तों द्वारा महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के श्रद्धालु शिव भक्तों से इस पुण्य यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की है। इस अवसर पर महादेव मंदिर समिति द्वारा जनपद पंचायत परिसर में विशेष भक्ति कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है। इसमें मां बागेश्वरी मंच जबलपुर द्वारा भगवान शिव की झांकी एवं भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। इसमें श्रद्धालुजन प्रसाद ग्रहण करेंगे।

## स्टंटबाज स्कूटी में 6 नाबालिग की सवारी, कटा 9 हजार का चालान

**बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में ट्रैफिक नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए नाबालिग युवक स्कूटी पर छह दोस्तों को बैठा लिया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने लगा। वायरल वीडियो के आधार पर कोरिया जिले की यातायात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 9000 का चालान काट दिया। बताया जा रहा है कि यह घटना जिला मुख्यालय क्षेत्र के मुख्य मार्ग की है, जहां एक स्कूटी पर नाबालिग चालक सहित कुल 6 युवक बैठे थे। यह न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यात्रियों की जान को खतरे में डालने जैसा कृत्य है। यातायात विभाग के अधिकारी ने बताया कि ऐसे स्टंट और ओवरलोडिंग को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह नियमों का घोर उल्लंघन है और इसके लिए संबंधित वाहन चालक पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस का कहना है कि आगे भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि आमजन में जागरूकता और डर दोनों बना रहे।

## क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए संवेदनशील हैं स्वास्थ्य मंत्री

**खड़गवां।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल न केवल अपने विभागीय कार्यों में सक्रिय हैं, बल्कि अपने विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए भी समर्पित भाव से प्रयासरत हैं। शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक, हर क्षेत्र में उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और संवेदनशीलता झलकती है। मंत्री श्री जायसवाल अपने क्षेत्र के विद्यालयों का नियमित भ्रमण कर छात्रों से सीधे संवाद करते हैं, उनकी समस्याएं सुनते हैं और उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रेरित करते हैं। बच्चों के बीच सहजता से घुल-मिल जाना उनके जनता से जुड़ाव का प्रतीक है। क्षेत्र के लोग यह कहते नहीं थकते कि बच्चों के बीच इस तरह समय बिताने वाले मंत्री आज के समय में विरले हैं।



श्री जायसवाल अपने शासकीय आवास में जनसामान्य के लिए उत्तम व्यवस्था बनाए हुए हैं। यहां सुबह नाश्ता से लेकर शाम के भोजन तक की व्यवस्था सुनियोजित ढंग से की जाती है। आमजन जब उनसे मिलने आते हैं, तो उन्हें चाय-बिस्किट सहित आदर सत्कार मिलता है। उनका निज निवास रतनपुर भी जनसेवा का केन्द्र बना हुआ है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं। मंत्री सभी से मिलते हैं, किसी को भी अनदेखा नहीं किया जाता। अब तक के 19 महीनों के कार्यकाल में मंत्री ने यह साबित किया है कि राजनीति केवल सत्ता नहीं, सेवा का माध्यम भी हो सकती है। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में उनका योगदान निरंतर क्षेत्रवासियों को लाभ पहुंचा रहा है।

# बहरासी 132 केवी सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

पूर्ववर्ती सरकार के समय पूर्व विधायक गुलाब कमरो के प्रयास से भरतपुर क्षेत्र की जनता को अब बिजली समस्या से राहत मिलेगा।

22 करोड़ की लागत से तैयार बहरासी ग्राम में 132 केवी सब स्टेशन से भरतपुर ब्लाक के गांव में 30 जुलाई से बिजली आपूर्ति विधिवत रूप से शुरू कर दी गई। यह उपलब्धि न केवल बहरासी ग्राम के लिए है, बल्कि पूरे भरतपुर क्षेत्र के 183 गांवों के निवासियों को अब बिजली की आंख मिचौली और लो-वोल्टेज की समस्याओं से जूझते ग्रामीणों को अब स्थायी समाधान मिलने की उम्मीद जगी है। इस सफलता में पूर्व विधायक एवं ट्रेड यूनियन काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष गुलाब कमरो की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस उपलब्धि में क्षेत्र के किसानों, जनप्रतिनिधियों और छात्र-छात्राओं ने पूर्व विधायक गुलाब कमरो की प्रशंसा करते हुए आभार जताया है। पूर्व विधायक ने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक मील का पत्थर बताया, बहरासी उपकेन्द्र में 132 केवी सब स्टेशन से संचालित विद्युत सप्लाई से क्षेत्र के 183 गांव के लोग लाभान्वित होंगे। पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने मीडिया से बातचीत में बताया कि जब मैं वर्ष 2013 में पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ा, तब यह क्षेत्र मध्यप्रदेश से बिजली पर निर्भर था। मेरा सपना था कि भरतपुर क्षेत्र के 183 गांवों को सुचारू रूप से बिजली उपलब्ध कराऊं।वर्ष 2018 में विधायक बनने के बाद मैंने सबसे पहले छग से विद्युत लाइन जुड़वाने की पहल की, जिसका परिणाम यह हुआ कि वोल्टेज की समस्या हल हुई और क्षेत्र की जनता आज कूलर, एसी और अन्य विद्युत उपकरण प्रयोग कर पा रहे हैं, लेकिन बरसात के मौसम में लंबी लाइन की वजह से बार-बार बिजली बाधित होती थी, तब मैंने तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत से इस पर चर्चा की।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं कमती बाई पति गणेशराम सिंह, उम्र 68 वर्ष निवासी ग्राम कोटेया तहसील दरिमा जिला सरगुजा छ.ग. मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मेरे नाम से एक आधार कार्ड है जिसका आधार क्रमांक 6022 6472 0146 है, जिसमे मेरा नाम कान्ति बाई सिंह है जो कि गलत है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम विभागिय त्रुटि के कारण कान्ति बाई सिंह दर्ज हो गया है, जिसे सुधार करके कमती बाई आधार कार्ड में दर्ज करा कर आधार कार्ड प्राप्त करने बावत् सभी नियमों शर्तों का पालन करूंगी।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।


भवदीय
कमती बाई
पति गणेशराम सिंह
निवासी-ग्राम कोटेया तहसील
दरिमा जिला सरगुजा छ.ग.
























## खबर संक्षेप



### ओपीएस में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया ग्रीन डे सेलिब्रेशन

**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में ग्रीन डे हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी विंग के बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम की थीम के अनुसार सभी ग्रीन ड्रेस में उपस्थित थे साथ ही लंच में भी बच्चे हरे व्यंजन लाए थे। ग्रीन डे राखी प्रतियोगिता में आदर्श सिंह, मायरा सेमरिया, दिव्यांशु गोस्वामी, पल गुप्ता, जिज्ञासा लकड़ा, देवांशी वर्मा का प्रदर्शन सराहनीय रहा। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित लघु नाटिका का प्रदर्शन किया। उप प्राचार्य तहसीन अहमद खान ने विद्यार्थियों के साथ पौधरोपण किया। ग्रीन ड्रेस प्रतियोगिता में रेयान राहुल, आरोही सिंह, याशिका जायसवाल, अद्विका केसरी, सायबा फातिमा, साकिया फातिमा, काव्यांश यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उप प्राचार्य तहसीन अहमद खान ने कार्यक्रम की सराहना की तथा बच्चों के साथ उनके अभिभावकों को बच्चों को तैयार करने हेतु बधाई दी। इस दौरान प्रभारी शिक्षिका रेहाना परवीन, सेलिन लकड़ा, राजविंदर कौर, बुशरा अंसारी, आकृति सिन्हा, प्रीति त्रिपाठी, गीतांजली शर्मा, अंशु प्रियंका टोप्पो, रेखा गोस्वामी व अमिता पाण्डेय ने सराहनीय भागीदारी की।

### असामाजिक तत्व पर कार्रवाई की मांग थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन


**मदनपुर।** असामाजिक तत्व पर कार्रवाई की मांग को लेकर क्षेत्र के लोगों ने जयनगर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौपा तथा कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजब नगर में 5-6 पंचायत के बालक एवं बालिकाएं शिक्षा ग्रहण करने आती हैं। विद्यालय प्रातः 10 से शाम 4 तक संचालित होती है लेकिन कुछ असामाजिक तत्व द्वारा आए दिन विद्यालय परिसर में कार एवं बाइक से स्कूल परिसर में आकर उत्पात मचाते है। साथ ही पढ़ाई के डीजे आवाज में गाना बजाया जाता है जिससे पढ़ाई प्रभावित होती है। आए दिन विद्यालय छुट्टी के बाद असामाजिक तत्वों द्वारा स्पीड में गाड़ी चलाने तथा हॉर्न बजाकर बालिकाओं को परेशान करते है। विद्यालय छुट्टी होने के बाद विद्यालय परिसर के शेड के नीचे शराब पीकर बोतल को तोड़कर परिसर में फेंक देते हैं। क्षेत्र के लोगों ने असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान शाला विकास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष संदीप सरकार, अजब नगर सरपंच सविता सिंह, तारक सरदार, आनंद विश्वास, अर्जुन सिंह, श्यामल दास, प्रदीप सरकार व अन्य उपस्थित थे।

### वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील की पुण्यतिथि पर वकीलों और जनप्रतिनिधियों ने किया याद



**प्रतापपुर।** नगर के नागरिकों, व्यापारी वर्ग एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्र के वरिष्ठ अधिवक्ता व भाजपा नेता स्व. सुनील कुमार गुप्ता के प्रथम पुण्यतिथि पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर में इलाज करा रहे मरीजों को फल वितरण तथा ग्रामीण महिलाओं के नवजात शिशुओं को मच्छरदानी वितरण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ग्रामीण क्षेत्र से आए महिलाओं का प्रसव होने के पश्चात उनके नवजात शिशुओं को मच्छरदानी की आवश्यकता होती है जिसे ध्यान में रखकर वितरण किया गया। स्व.सुनील गुप्ता के प्रथम पुण्यतिथि पर पुत्र अधिवक्ता विक्रमादित्य गुप्ता सहित नगर के वरिष्ठ जनों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान आनंद मित्तल, तोती मित्तल, मुकेश गर्ग, कैलाश सिंह, जुल्फेकार कादरी, विनोद जायसवाल, मृत्यंजय सिंह, विजेन्द्र कश्यप, राज किशोर गुप्ता, संतोष यादव, बबली धुर्वे, धरमसाय सिंह, सतन सिह, विक्रम वर्मा, भूपेंद्र राजवाड़े अन्य उपस्थित थे।

### कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने रैली निकालकर किया पौधों का वितरण



**लखनपुर/रजपुरीकला।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रजपुरी कला में शनिवार को वृक्ष दान महा अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम रैली का आयोजन किया गया। रैली में छात्रावास की अधीक्षिका, शिक्षिकाएं तथा छात्राओं ने आसपास के स्कूलों एवं ग्रामीणों को पौधे उपलब्ध करा उनके रोपण व सुरक्षा के लिए जागरूक किया। अधीक्षिका श्रीमती अनुराधा सिंह के नेतृत्व में विगत दो वर्षों से यह कार्यक्रम आयोजित कर विद्यालय प्रांगण को हरा-भरा रखने के लिए प्रेरित किया जाता रहा है। अभियान के तहत इस बार ग्रामीणों को भी पौधे देकर एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया गया। आगामी 6 अगस्त को विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत छात्राओं, शिक्षकों, पालक और जनप्रतिनिधियों द्वारा वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा। इस दौरान अधीक्षिका श्रीमती अनुराधा सिंह, श्रीमती दीप्ति वर्मा, श्रीमती छविलता महापात्र, श्रीमती रूपा चक्रधारी, श्रीमती मेरी ममता लकड़ा एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

## रील बनाने के चक्कर में दो युवक कर रहे थे हाथी से खिलवाड़

# मुख्य मार्ग पर हाथी के आने से राहगीरों में मचा हड़कंप, घंटों बाधित रहा आवागमन



सड़क पर मौजूद दंतैल।

### बाल-बाल बचे दो युवक



गणेशपुर जंगल स्थित मुख्य मार्ग पर दोपहर में हाथी के आ जाने से जहां आवागमन थम गई वहीं दो युवक हाथियों से खिलवाड़ करते हुए दिखाई दिए। दोनों युवक रील बनाने के चक्कर में हाथी से खिलवाड़ करना शुरू कर दिया था। जिस पर हाथी ने दोनों को दौड़ाया। गनीमत था कि युवक भागने तथा हाथी द्वारा कुछ दूर तक पीछा करने के बाद रुक गया जिससे एक बड़ी घटना टल गई। इधर घटना का कुछ लोगों ने वीडियो बना कर वायरल कर दिया जिसमें दोनो युवक हाथी से खिलवाड़ करते नजर आ रहे है। गांव में लोग हाथियों से खिलवाड़ करते कई बार चपेट में आने से बच गए।

### घर को पहुंचाया नुकसान



क्षेत्र में उत्पात मचा रहे हाथी ने मदनगर निवासी शिवेंद्र सिंह के घर के दीवार को देर रात लगभग 2 बजे तोड़ दिया जिससे घर में रखे सामान और बर्तन को नुकसान पहुंचा। रात भर शिवेंद सिंह का परिवार दहशत में था। उनके वृद्ध माता पिता एवं बच्चे बचाव के लिए शोर मचाए रहे। कुछ देर बाद वन विभाग का अमला पहुंचा और हाथी को भगाया जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**

- दो दिनों से सड़क पर आ रहा दंतैल

प्रतापपुर के गणेशपुर जंगल क्षेत्र स्थित मुख्य मार्ग पर हाथी के विचरण करने से राहगीरों में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाथी काफी देर तक सड़क किनारे और सड़क के बीच में टहलता रहा, जिससे वाहनों की आवाजाही रुक गई। इसी बीच हाथी से छेड़छाड़ कर रहे दो युवक हाथी की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही अब आम बात हो गई है, जिससे जनजीवन लगातार प्रभावित हो रहा है। गणेशपुर जंगल क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक हाथी मेन रोड पर विचरण करने लगा। हाथी के अचानक सड़क पर आने से राहगीरों में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाथी काफी देर तक सड़क किनारे और बीच में टहलता रहा, जिससे वाहनों की आवाजाही रुक गई। दिन के उजाले में हाथी के इस तरह घूमने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लोग वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों से हाथी पर निगरानी रखने तथा जंगल में खदेड़ने की बात कही। ताकि कोई बड़ी जनहानि न हो सके। हैरानी की बात तो यह है कि लोगों ने वन विभाग की टीम को सूचना दे दी लेकिन विभाग के कोई कर्मचारी मौके पर जाना मुनासिब नहीं समझा। हालांकि कुछ घंटे बाद हाथी स्वयं ही जंगल में चला गया जिससे मार्ग से आवागमन शुरू हो सकी। प्रतापपुर विकासखंड के चारों ओर अलग-अलग स्थान पर हाथी आतंक मचा रहे है। कभी मुख्य मार्ग पर पहुंच जाते है तो कभी गांव में निकल जाते है और खेतों में पहुंच कर फसल को नुकसान पहुंचाते है। ।फिलहाल अभी हाथी से किसी प्रकार का जान माल का हानि तो नहीं पहुंचा है लेकिन क्षेत्र में हाथी की मौजूदगी से ग्रामीण भयभीत है।

### विचरण कर रहे तीन हाथी

वन परिक्षेत्र प्रतापपुर सर्किल के धरमपुर अंतर्गत ग्राम मदननगर गेयूरा मुंडा बांस बाड़ी के समीप 3 हाथी विचरण कर रहे है। इस वक्त हाथियों का झुंड और क्षेत्र में उत्पात मचा रहे हाथी के साथ में देखा गया है। इधर ग्रामीण क्षेत्र में हाथी झुंड के विचरण करने से धान की फसल को लेकर काफी चिंतित है।



भजन करते श्रद्धालु।

## नौ दिनों तक चले महारुद्र यज्ञ शिव पुराण कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

विकासखंड के ग्राम कर्रा में कर्मेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय श्री महारुद्र यज्ञ एवं शिव पुराण कथा का विधिवत हवन पूजन के साथ समापन किया गया। बता दें कि ग्राम पंचायत कर्रा में वर्षों पुराने कर्मेश्वर महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार के उपलक्ष पर नौ दिवसीय श्री महारूद्र यज्ञ एवं शिव पुराण कथा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

नौ दिन चलने वाले इस कार्यक्रम में शिव मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई थी। 25 जुलाई श्रावण शुक्ल पक्ष के एकम से नौ दिवसीय श्री महारुद्र यज्ञ एवं शिव पुराण कथा का आयोजन किया गया। इस दौरान नौ दिवसीय यज्ञ में शिव महापुराण, माहात्म्य कथा, अदिशिव लिंग पूजन कथा, नारद मोह, कुबेर चरित्र, सती चरित्र, शिव सती विवाह उत्सव, पति व्रत धर्म का उपदेश विहार कार्तिकेय गणेश विवरण, त्रिपुरासुर वध, जलंधर उद्धार द्वादश ज्योतिर्लिंग महात्म्य उमा सहिता कथा का वाचन किया गया। अंतिम दिन 2 जुलाई को भगवान महादेव का जलाभिषेक के साथ हवन पूजन कर पूर्णाहुति पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया। समापन के अवसर पर कर्मेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही अखंड भंडारा का आयोजन किया गया। वहीं इस कार्यक्रम में ऋषभतीर्थ गहरिनमुड़ा के भागवत भूषण पंडित दिव्य आनंद तिवारी द्वारा महारुद्र यज्ञ एवँ शिव महापुराण कथा का वाचन किया गया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर भारी बारिश के बीच भक्तों की भारी भीड़ रही। समापन पर नौ दिनों तक पूजा अर्चना पश्चात सिद्ध कर भक्तों को रुद्राक्ष का भी वितरण किया गया।

## जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूली बच्चों के साथ एसएसपी ने निकाली साईकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नशे के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए पुलिस ने स्कूली छात्रों के साथशनिवार को साईकल रैली निकालकर नागरिकों को जिंदगी को हां और नशे को ना कहने का प्रभावी संदेश दिया।वर्तमान में युवा वर्ग में नशे की बढती प्रवृत्ति को कम करने एवं नशे के कारण होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता लाने पुलिस द्वारा समय समय पर विभिन्न कार्यक्रम व अभियान चलाकर लगातार आमजन को जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा है।

शनिवार को सुरजपुर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने नशे के विरूद्ध जन जागरूकता अभियान नवजीवन के तहत नगर में स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल एवं राजकुमार स्कूल के छात्रों, शिक्षकों एवं नागरिकों के साथ नगर में साईकल रैली निकालकर आमजन को नशे के प्रति जागरुक किया।रैली में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर नशे से दूर रहने का संदेश दिया है।एसएसपी प्रशांत सिंह ठाकुर ने स्टूडेंट्स के बीच जाकर उन्हें नशे के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नशा किस प्रकार हमारे शरीर के साथ ही हमारे मानसिक,आर्थिक एवं पारिवारिक जीवन को खराब कर देता है।नशे से केवल एक व्यक्ति का ही नहीं बल्कि उसके परिवार व समाज का भी नुकसान होता है तथा जीवन अंधकार में डूब जाता है।इससे बचकर रहें और अपने परिचितों को भी इससे बचाएं।यदि कोई इसकी गिरफ्त में है



तो उसे दृढ़ इच्छा शक्ति द्वारा इससे बाहर लाने प्रयास करें। उन्होंने कहा कि जिले के हर थाने की पुलिस लगातार नशा रोकने के लिए कार्यवाही करने में लगी हुई है और नशे के धंधे में लिप्त लोगों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है। यदि क्षेत्र में कोई भी नशीली वस्तुओं की तस्करी एवं बिक्री करता है तो उसकी जानकारी हेल्पलाईन नंबर 1933 व पुलिस कन्ट्रोल रूम सूरजपुर में जरूर दें, ताकि ऐसे लोगों के विरूद्ध सख्ती से कार्रवाई सुनिश्चित कराई जा सके।रैली में डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एचके पाठक, राजकुमार स्कूल के प्राचार्य संजीव सिंह,क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण, बिश्रामपुर थाना प्रभारी प्रकाश राठौर,भाजपा नेता शितीकांत स्वाई, शशि नान्हू, मनी बग्गा, श्यामू साहू व अन्य उपस्थित थे।

## पीएम किसान सम्मान निधि की राशि जारी, विकास खंड स्तरीय कार्यक्रम में दी गई योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं राशि का हस्तांतरण किया गया। पीएम सम्मान निधि को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि भारत सरकार की एक केन्द्रीय योजना है जो किसानों के हित में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से 1 दिसम्बर 2018 को शुरू की गई थी। प्रधान मंत्री द्वारा 20 वीं किस्त राशि हस्तानांतरण के उपलक्ष्य में 9.70 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को 20 करोड़ से अधिक धन राशि 2000 रुपए किस्त के रूप में कृषकों के बैंक खाते में ट्रान्सफर की गई है I उन्होंने बताया कि सरगुजा जिले के



90834 कृषकों के खातों में कुल 19.50 करोड़ का हस्तानांतरण किया गया है I भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी ने आह्वान किया गया कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृव में चलाये जा रहे योजनाओं का भरपूर लाभ लेवें ताकि 2047 में हमने जो विकसित भारत की परिकल्पना की है वो पूरा हो सके। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष यतेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार किसानों को हर तरीके से लाभ पहुचने हेतु प्रतिबद्ध है। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी कृषि एम्ब्रोस टोप्पो, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विनायक पाण्डेय, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सत्तर साय पैंकरा, कमल सिंह पोर्ते, गोपीचंद धृतलहरे, भीष्म सिंह पैंकरा, बृजलाल पैंकरा, देवेंद्र कुमारी सिंह, संजय प्रधान मौजूद रहे।

## कृषक संगोष्ठी में किया गया पीएम के कार्यक्रम का प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

पीएम किसान सम्मान निधि के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के खाते में सीधे राशि हस्तांतरण के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र मैनपाट सीतापुर में वृहद कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिपं सदस्य शिवभरोष बेक ने पीएम किसान सम्मान योजना से लाभान्वित होने वाले किसानों को शुभकामनाएं दी।उन्होंने किसानों से जलवायु अनुकूल प्राकृतिक खेती अपनाने एवं कृषि विज्ञान केंद्र से जुड़कर वैज्ञानिक आधार पर खेती करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा



कि खेतों में रसायनिक खाद की जगह जैविक खाद का उपयोग समय की जरूरत है। एसडीओ कृषि अनिता एक्का ने किसानों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने और तकनीकी जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान पीएम के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एस एस टुटेजा, जनपद सदस्य एवं अध्यक्ष कृषि स्थायी समिति साधना अग्रवाल, सरपंच चलता गुन्नुराम, उपसरपंच सुनील अग्रवाल, जनपद सदस्य महेश मिंज सहित अन्य मौजूद थे।

## सरगुजा स्काउट्स एवं गाइड्स ने सैनिक भाइयों के लिए भेजी राखियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रक्षाबंधन के अवसर पर भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा एक राखी सैनिक भाइयों के नाम अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत भारत स्काउट्स एवं गाइड जिला संघ द्वारा डीईओ व पदेन कमिश्नर दिनेश कुमार झा के नेतृत्व में जिला मुख्य आयुक्त तेजेंदर सिंह बग्गा के नेतृत्व में मुहिम चलाया गया। इस दौरान सरगुजा की गाइड्स बहनों व स्काउट्स द्वारा अपने हाथों से राखियां तैयार की गई। ब्लाक स्तर पर प्रतियोगिता के रूप में रंग बिरंगी राखियां बनाई गई और 3 हजार नग राखियां एकत्रित की गई। स्वनिर्मित राखियों को जिला शिक्षा अधिकारी के सुपुर्द किया गया।

जिला मुख्य आयुक्त ने बताया की एक राखी सैंनिक भाइयों के नाम की मुहिम पूरे प्रदेश स्तर पर राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव की पहल



है जिससे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तर पर लगभग 40 से 50 हजार राखियां राज्य मुख्यालय के माध्यम से हमारे देश के बॉर्डर पर तैनात आर्मी जवानों के लिए रखा बंधन के पूर्व भेजी जाएंगी। जिला शिक्षा अधिकारी सरगुजा ने बताया कि ज़लि के विभिन्न विद्यालयों के स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा 3000 नग राखियां एकत्रित की गई है जो कि एक सराहनीय पहल है। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त योगेश विश्वकर्मा, सहायक राज्य संगठन आयुक्त त्रिभुवन शर्मा, जिला प्रभारी एसके सिसाद्री, सह सचिव रेशमा लकड़ा, बतौली ब्लॉक सचिव मनीषा तिर्की, सीतापुर ब्लॉक सचिव अनुप्रेमा भगत, उदयपुर ब्लॉक सचिव शीतल जायसवाल, गाइडर सुनीता दास, सीनियर रोवर विवेक सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

## आयुष स्वास्थ्य शिविर में 345 लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

ब्लॉक स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला ग्राम दुरती मे आयोजित किया गया। आयुष स्वास्थ्य शिविर में 345 रोगियों की जांच की गई तथा दवा वितरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक श्रीमति शकुंतला सिंह पोर्ते ने कहा कि आयुर्वेदिक दवाइयों से कोई साइड इफ़ेक्ट नहीं होता और बीमारियों को जड़ से ख़त्म करने की क्षमता है। उन्होने , सभी को आयुर्वेद चिकित्सा कराने की बात कही। सभी अपने अपने जीवन शैली में बदलाव लाने एवं छोटे रोगों सर्दी खासी से लेकर गैर संचारी रोगों बीपी, डायबिटीज और कैंसर जैसे गंभीर रोगों के उपचार आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से बिना किसी साइड इफ़ेक्ट से कराना संभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य रहने के लिए हमें आयुर्वेद को शुरुआत से ही अपने खान पान में शामिल कर अपने जीवन शैली में बदलाव करने के साथ साथ प्रतिदिन योग करना चाहिए। उन्होंने शिविर में आयोजित स्कूली बच्चों द्वारा औषधि पौधों के स्टॉल एवं पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शिनी का अवलोकन कर आयोजन समिति की सराहना की। दुरती हायर सेकेंडरी स्कूल के 11 वीं 12वीं के स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य के साथ मनमोहक प्रस्तुति दी। छात्रों द्वारा आयुर्वेद के विभिन्न विषयों के तहत पोस्टर, औषधि पौधों की प्रदर्शनी करते हुए औषधियों की उपयोगिता के बारे में अतिथियों एवं ग्रामीणों को जानकारी दी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान वालों को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र एवं उपहार से पुरस्कृत



कर प्रोत्साहित किया गया। शिविर में रक्तजांच, नेत्र जांच, आयुष्मान कार्ड, रोग प्रतिरोधक आयुष काढ़ा का वितरण किया गया एवं आयुर्वेद एवं होमियोपैथी चिकित्सकों द्वारा 345 रोगियों एवं ग्रामीणों को आयुष चिकित्सा परामर्श देते हुए निशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिंह, मंडल उपाध्यक्ष शरद चन्द्र द्विवेदी, सोहरसाय पैंकरा, श्रीमती पंचमणि सिंह, मीना श्रीवास्तव, समय लाल मिश्रा, किरण गुप्ता, गोपाल शरण सिंह, अनुराग द्विवेदी, विकास तिवारी, कन्हैया यादव, डॉ. महंत लाल सोनवानी, डॉ. राखी केशरवानी, डॉ. नीलेश सिकरवार, डॉ. स्वाति पटेल, श्रीमती ज्योत्सना, अमित सोनी, मोहित राम, एमडी राजा, आरपी. गुप्ता, भूपेश सिदार, जयराम सिंह, पार्वती राजवाड़े, लीलावती राजवाड़े, वीना उपाध्याय, लालसा रानी, नैना माधुरी कुजूर, कृपाशंकर रवि, अनुज कुमार, शिव दुलार पाटले सहित अन्य मौजूद रहे।

### केन्द्रीय जेल में आठ दिवसीय शिविर का समापन

**अम्बिकापुर।** केन्द्रीय जेल में चल रहे आठ दिवसीय प्रीजन प्रोग्राम का समापन अधीक्षक अक्षय राजपूत, श्री वाजपेई एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया। शिविर में 177 प्रतिभागी शामिल हुए जिन्हें आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ शिक्षक अजय तिवारी ने योग, प्राणायाम, सुदर्शन क्रिया, ध्यान और जीवन को तनाव मुक्त जीने की प्रक्रिया सिखाई। अंतिम दिन प्रतिभागियों ने अपना अनुभव साझा किया तथा शिविर से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ मिलने और प्रतिदिन योग-प्राणायाम का अभ्यास करने की बात कही। आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा विगत 25 वर्षों से केंद्रीय जेल में इस तरह का शिविर लगाया जा रहा है। अब संस्था द्वारा प्रत्येक माह शिविर आयोजित किया जाएगा।





## खबर संक्षेप



### बिहार चुनाव के पर्यवेक्षक बनाए गए अमरजीत कार्यकर्ताओं के साथ पटना रवाना

**अंबिकापुर।** प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत को बिहार चुनाव के लिए पर्यवेक्षक बनाया गया है। पर्यवेक्षक बनाए जाने के बाद पूर्व मंत्री श्री भगत अपने समर्थकों के साथ बिहार के लिए रवाना हुए। अपने एक सप्ताह के प्रवास के दौरान श्री भगत पटना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक व रायशुमारी करेंगे। बिहार चुनाव को लेकर श्री भगत के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री डॉ. लालचंद यादव, पूर्व पार्षद दीपक मिश्रा, उपभोक्ता परिषद के सदस्य अभिषेक सिंह, प्रदेश संयोजक युवा कांग्रेस आदर्श बंसल, दिवाकर दुबे, जवाहर सोनी, कृष्णकांत चौबे, मनोज सोनी, मनीष पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता भी बिहार रवाना हुए।

### महामना मालवीय मिशन का पौधरोपण कार्यक्रम आज

**अम्बिकापुर।** महामना मालवीय मिशन के अध्यक्ष डीएन द्विवेदी के नेतृत्व में रविवार को सुबह 11 बजे से मालवीय पार्क में पौधरोपण किया जाएगा। मिशन के सदस्य बीएस सिंह ने बताया कि पदाधिकारी एवं सदस्य एक पेड़ मां के नाम के तहत मालवीय पार्क में पौधरोपण करेंगे। उन्होंने बताया कि पौधरोपण कार्यक्रम में मिशन के सभी पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### सरगम फाउंडेशन ने मोहम्मद रफी को किया याद



**लखनपुर।** सरगम फाउंडेशन द्वारा मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मो.रफी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। साईं सरगम के प्रमुख शिवराज सिंह, भवहीं कैलाश चौधरी, राम नगेशिया, भूपेंद्र जायसवाल, रितेश दफ्तवार, नवनीत ने उन्हें श्रध्दा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान नगर वासियों को पहली बार एक नया प्लेटफार्म दिखा जहां संगीत प्रेमियों ने उनके नगमों को सुनाया। इस दौरान सेवानिवृत्ति बीईओ सुरेश जयसवाल, शंकर सोनी, दिनेश गुप्ता, दिनेश बारी, विद्यालय सागर चौधरी, दिनेश साहू, रमेश जायसवाल, शहाबुद्दीन खान, सचिन अग्रवाल, प्रदीप गुप्त, यतेंद्र पाण्डेय, राजेंद्र जायसवाल, शैलेंद्र गुप्त, सुदामा सिंह, देवराज सिंह, अशोक पांडेय, कुलदीप अग्रवाल, लक्ष्मण रजवाड़े सहित अन्य मौजूद थे।

### पट्टाधारी ग्रामीण पर जमीन खाली करने का दबाव, प्रशासन से शिकायत



**लखनपुर।** कथित रूप से पट्टाधारी ग्रामीण को वन भूमि से बेदखल करने का आरोप लगा है। ग्रामीण ने जमीन खाली करने को लेकर बनाए जा रहे दबाव की शिकायत प्रशासन से करते हुए मदद की गुहार लगाई है। आरोप है की गाम बंधा में ठाकुर राम लोहार को जीविकोपार्जन के लिए शासन की ओर से वन भूमि का पट्टा दिया गया है। उक्त भूमि पर ग्रामीण 50 वर्षों से काबिज है और खेतीबाड़ी कर अपना जीवन यापन कर रहा है लेकिन अब वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उक्त पट्टे की भूमि को वन भूमि बताकर जमीन खाली करने का दबाव बना रहे है। वहीं परिक्षेत्र अंतर्गत शोयदा व वन विभाग कार्यालय परिसर में ही अवैध रूप से कब्जा किया गया लेकिन वन भूमि पर अवैध कब्जा करने वालो पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत विभाग से की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ऐसे में उन्होंने शासन प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

### सीआईएल के पेंशनधारकों को नया पीवीसी मेडिकल कार्ड होगा जारी

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया अंतर्गत पेंशन योजना से जुड़े सभी लाभार्थियों के लिए कोल मुख्यालय कोलकाता ने नई पहल की है, इसके तहत योजना से जुड़े सदस्यों के लिए नए पीवीसी मेडिकल कार्ड जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।यह कार्ड न केवल अधिक टिकाऊ और पोर्टेबल होगा,बल्कि इसमें लाभार्थी से संबंधित सभी जरूरी चिकित्सकीय जानकारी भी डिजिटल फॉर्मेट में संलग्न रहेगी, इस सुविधा का लाभ लेने के लिए पेंशन योजना से जुड़े सभी सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं उनके पति/पत्नी को कुछ आवश्यक दस्तावेज 1 से 31 अगस्त के भीतर भेजने होंगे,इन दस्तावेजों को ईमेल या व्यक्तिगत रूप से कोल इंडिया मुख्यालय में जमा किया जा सकता है, बताया जा रहा है कि कार्डधारकों के लिए यह पीवीसी मेडिकल कार्ड से मेडिकल सुविधाओं में तेज और सटीक पहचान हो सकेगी,कार्ड की लंबी उम्र और मजबूती और पुरानी कागजी कार्ड प्रणाली से छुटकारा मिल जाएगा, डिजिटल स्वास्थ्य डाटा तक बेहतर तरीके से पहुंच सकेगा, यह पहल न केवल कोल इंडिया के सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए सम्मानजनक रहेगी,बल्कि भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं की प्रक्रिया को और भी सरल एवं पारदर्शी बनाएगी।

टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद डेढ़ साल से किया जा रहा भूमि आवंटन का इंतजार

# भूमि के अभाव में अटकी संकटग्रस्त गांवों की खैरबार समूह जल प्रदाय योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- 6 महीने पूर्व होना था निर्माण पूरा, वनभूमि पर दर्जनों ग्रामीणों का अवैध कब्जा

भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण संकटग्रस्त गांवों में पेयजल आपूर्ति के लिए स्वीकृत खैरबार समूह जल प्रदाय योजना का निर्माण अटक गया है। शासन की सख्ती के बाद वन विभाग द्वारा खैरबार स्थित वनभूमि में स्थल का चिन्हांकन किया गया है। विभाग के अधिकारी भूमि आवंटन प्रक्रियाधीन होने एवं निकट भविष्य में भूमि उपलब्ध होने का दावा कर रहे हैं।



शासन ने जल जीवन मिशन के तहत गांव-गांव एवं घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। योजना के तहत गांव-गांव में पानी टंकी का निर्माण एवं पाइप लाइन का विस्तार किया जा रहा है। जबकि 50 से अधिक गांवों में निर्माण पूरा कर घर-घर पानी भी उपलब्ध कराया जा रहा है। सरगुजा में कई गांव ऐसे भी हैं जहां भू-गर्भ में पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है या फिर भविष्य में जल संकट की स्थिति निर्मित हो सकती है ऐसे गांवों में समूह जल योजना के माध्यम से पेयजल उपलब्ध करानें का निर्णय लिया गया है। योजना के तहत स्वीकृत चार समूह जल प्रदाय योजनाओं से तीन का निर्माण प्रारंभ हो गया है लेकिन खैरबार समूह जल प्रदाय योजना के लिए अब तक भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण योजना का क्रियान्वयन अटका पड़ा है। ग्राम खैरबार का बड़ा इलाका वनभूमि का क्षेत्र है। गांव में लगभग 200 हेक्टेयर खाली वनभूमि उपलब्ध है। वन भूमि के बड़े क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण भी है लेकिन समूह जल प्रदाय योजना के लिए पीएचई को भूमि उपलब्ध नहीं हो पा रही है। अधिकारियों का कहना है कि वे लम्बे समय से इसके लिए पहल कर रहे हैं लेकिन वन अधिकारी स्थिति की गंभीरता को नहीं समझ रहे है। शासन की सख्ती के बाद विभाग के अधिकारियों ने वन अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया तो डीएफओ श्री जोगावत ने इसके लिए तत्काल कारगर पहल करने का आश्वासन दिया। बताया जा रहा है कि एक पखवाड़े पूर्व वन एवं पीएचई के अधिकारियों ने क्षेत्र का भ्रमण कर स्थल का चयन किया। वन विभाग द्वारा भूमि आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। योजनान्तर्गत पीएचई द्वारा बड़ी पानी टंकी एवं 7 एमएलडी क्षमता के जल शोधन संयत्र का निर्माण किया जाएगा तथा पाइपलाइन विस्तार कर विभिन्न 32 गांवों की टंकियों को भरा जाएगा। विभाग द्वारा योजना के निर्माण के लिए एक साल पूर्व ठेकेदार नियुक्त किया गया था तथा 27 फरवरी 2025 तक निर्माण पूरा करने की अवधि तय की गई थी लेकिन जगह उपलब्ध नहीं होने के कारण अभी तक निर्माण प्रारंभ भी नहीं हो सका है।

#### 32 गावों में होगी पानी की आपूर्ति

खैरबार समूह जल प्रदाय योजना में से विधानसभा क्षेत्र अम्बिकापुर, लुण्ड्रा एवं भटगांव के विभिन्न 32 गांवों को शामिल किया गया है। जल-जीवन मिशन के तहत इन गांवों में पानी टंकी का निर्माण एवं घर-घर पाइपलाइन विस्तार का कार्य पूर्व में ही पूरा कर लिया है। योजना के माध्यम से लुण्ड्रा तहसील के सर्वाधिक 27 गांवों में पानी की आपूर्ति की जाएगी। लुण्ड्रा तहसील के अधिकांश गांवों में आवश्यकता के अनुरूप पानी उपलब्ध नहीं है। कुछ गांवों में तो जगह-जगह ट्यूबवेल खनन कराने के बावजूद पानी उपलब्ध नहीं हो सका है। समूह जल योजना प्रारंभ होने के बाद इन गांवों में हर मौसम में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध होगा। योजना के माध्यम से ग्राम अजिरमा, असोला, बखना खुर्द, बलसेड़ी, भफौली, भगवानपुर खुर्द, भकुरा, भिट्टी कला, बढ़नी झरिया, चठिरमा, देवगढ़, डिगमा, घंघरी, रूखपुर, कंचनपुर, हसुली, करमहा, खैरबार, खलीबा, किसुन नगर, कोलडीहा, मलगवां खुर्द, रामनगर, मेंड्राकला, चिखलाडीह, नर्मदापारा, परसा, रजपुरी खुर्द, रनपुर खुर्द, सकालो, सरगवां, सोनपुरकला में पानी की आपूर्ति की जाएगी। योजना के क्रियान्वयन में हो रही लेट लतीफी एवं ग्राम खलीबा, सरगवां, बलसेड़ी एवं कोलडीहा में जल संकट की स्थिति निर्मित होने से संबंधित एक जनहित याचिका उच्च न्यायालय में विचाराधीन है।

#### बांकी डेम का पानी होगा उपयोग

खैरबार समूह जल प्रदाय योजना के तहत विभिन्न गांवों में बांकी बांध का पानी फिल्टर कर पाइप लाइन के माध्यम से आपूर्ति किया जाएगा। फ्लोटिंग पॉट्रन के माध्यम से खैरबार स्थित फिल्टर प्लांट तक बांकी बांध तक लाया जाएगा तथा पानी को स्वच्छ कर बड़ी टंकी को भरा जाएगा। बड़ी टंकी के पानी से गांव की टंकियों को भरा जाएगा तथा घर-घर पानी की आपूर्ति की जाएगी। शासन द्वारा योजना के लिए 6125.80 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है जबकि विभाग ने ठेकेदार को 5144.39 लाख का कार्यादेश दिया है।

#### भूमि मिलते ही शुरू होगा निर्माण

वन विभाग से लम्बे समय से योजना के लिए भूमि की मांग की जा रही है। हाल ही में वन मण्डलाधिकारी की उपस्थिति में स्थल का निरीक्षण किया गया है। वन मण्डलाधिकारी ने शीघ्र आवंटन की प्रक्रिया पूरी कर भूमि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। भूमि उपलब्ध होते ही निर्माण प्रारंभ कराया जाएगा।

-एसके सिन्हा, ईई, पीएचई

## सूरजपुर जिले के लिए विकास हेतु 26 करोड़ की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूरजपुर जिले में आधारभूत संरचना के विकास को नया आयाम मिलने जा रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से लोक निर्माण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कुल 26 करोड़ 3 लाख रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से जिले में महत्वपूर्ण सड़कों और पुलों का निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

प्रमुख स्वीकृत कार्यों में जिले के सिलपल्ली एनएच 43 से महेशपुर-लटोरी रोड तक 5.80 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण निर्माण कार्य शामिल है, जिसकी लागत 1269.90 लाख रूपये है। इसी प्रकार भवरखोल से गंगापुर-कुम्पी तक 5.10 किलोमीटर लंबाई के पुल पुलिया सहित निर्माण को स्वीकृति दी गई है जिसकी लागत 729.51 लाख रूपए और विकासखंड ओडगी के मुख्य मार्ग चोंगा से भोडवानीपारा-मौहारीपारा तक कुल 4.20 किलोमीटर लंबाई के पुल पुलिया सहित निर्माण के लिए 604.03 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों के स्वीकृत होने पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से सूरजपुर जिले के ग्रामीण अंचलों में आवागमन सुगम होगा और स्थानीय लोगों को यातायात की बेहतर सुविधा मिलेगी। साथ ही व्यापार और कृषि से जुड़ी आर्थिक गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास के हर वादे को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। इन परियोजनाओं से जुड़े निर्माण शीघ्र शुरू किए जाएंगे, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे और क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलेगी।

### किसानों को प्रदान की गई सम्मान निधि योजना से आर्थिक सहायता राशि

**शंकरगढ़।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को 2 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रदान की गई। यह कार्यक्रम जनपद पंचायत शंकरगढ़ में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष प्रियवंदा सिंहदेव, अमीन साय कृषि सभापति, तिलासाय जनपद सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान भी ऑनलाइन माध्यम से वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे। साथ ही कृषको रामतील का बीज भी प्रदान किया गया।



### प्रोत्साहन कप फुटबाल स्पर्धा में दूसरे दिन जयनगर व कंदरई स्कूल की टीम ने जीते मैच

**बिश्रामपुर।** नगर के एकता स्टेडियम में आयोजित प्रोत्साहन कप फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन कंदरई व जयनगर की टीम ने अपने मैच लिए हैं,आयोजन समिति के शशि नान्हू ने बताया कि विद्यालय स्तरीय प्रोत्साहन कप फुटबाल स्पर्धा के दूसरे दिन स्वामी आत्मानंद स्कूल बिश्रामपुर एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कंदरई के मध्य खेला गया,जिसमें शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कंदरई की टीम 2-0 से विजयी रही,इसमें मैन ऑफ द मैच कंदरई के विवेक रहे।दूसरा मैच स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय जयनगर व ज्ञान सागर लटोरी के मध्य खेला गया, जिसमें स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय जयनगर की टीम ने 1-0 के अंतर से मैच जीत लिया है।मैन ऑफ द मैच का खिताब जयनगर के तरुण को दिया गया।मैच रेफरी की भूमिका में सुरेश, लव, अंकुश, रूपेश, रोहित, भुवन, रॉकी, बाबा सक्रिय रहे।आज शनिवार को हुए मैच के मुख्य अतिथि के रूप में नपं बिश्रामपुर के वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद अमरेश प्रसाद उपस्थित रहे।

### लोकतंत्र सेनानी परिवारों को अंत्येष्टि के लिए 25 हजार की सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

देश में आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए जेल की यातनाएं झेलने वाले लोकतंत्र सेनानियों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है, आपातकाल के समय लोकतंत्र की मशाल जलाए रखने वाले इन सेनानियों को अब उनकी मृत्यु के उपरांत राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि और 25 हजार रुपए की सहायता राशि उनके परिजनों को दिए जाने का निर्णय छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लिया गया है,ज्ञात हो कि राज्य मंत्रिमंडल द्वारा 16 अक्टूबर 2024 को लिए इस निर्णय के अनुसार लोकनायक जयप्रकाश नारायण के तहत राजनीतिक या सामाजिक कारणों से निरुद्ध रहे सेनानियों को सम्मान देने हेतु वर्ष 2008 में बनाए गए नियम में संशोधन कर यह नई सुविधा जोड़ी गई है। लोकतंत्र सेनानी संघ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय सचिव बिश्रामपुर निवासी कुलवंत सिंह ने इस फैसले पर सरकार का आभार जताते हुए कहा कि यह सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं,बल्कि एक सांस्कृतिक और नैतिक कर्ज को चुकाने जैसा कार्य है।उन्होंने कहा कि इससे न केवल जीवित सेनानियों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि उनके परिवारों को यह महसूस होगा कि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं गया।उन्होंने विशेष रूप से अखिल भारतीय लोकतंत्र सेनानी संघ के उपाध्यक्ष सच्चीदानंद उपासने को धन्यवाद ज्ञापित किया है,जिनके सतत प्रयासों से लोकतंत्र सेनानियों को लगातार सम्मान, सुविधाएं और पहचान मिल रही है।

## घाट पेंडारी मुख्य मार्ग पर पलटा ट्रेलर, वाहनों की लगी लंबी कतार

- घंटो जाम रहा मार्ग, लोग परेशान

**प्रतापपुर।** डेंजर जॉन बना घाट पेंडारी घाट में वाहनों के दुर्घटना गस्त होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। आए दिन लोगों की मौत और हादसा होते रहते है। आज सुबह टैंकर जहां खाई में गिर गई वहीं सड़क पर ट्रेलर के पलट जाने से मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई जिससे घंटो जाम लगा रहा।

प्रतापपुर-अंबिकापुर बनारस मुख्य मार्ग का यह सड़क मार्ग काफी व्यस्ततम मार्ग में एक है7 पहाड़ी क्षेत्र से गुजरने तथा घाट कटिंग सही से नहीं होने के कारण लंबी चढ़ाई और घुमाऊ दार रास्ता होने के कारण वह नए-नए चालक के लिए काफी खतरनाक है। आज सुबह चालक की लापरवाही से घाट भंडारी के खाई में टैंकर गिर गई, वहीं मुख्य मार्ग पर ट्रेलर पलट जाने के कारण घाट पेंडारी मार्ग में सुबह 8 बजे से जाम लग गई। सड़क के दोनों ओर छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गई। लगभग 10 घंटा तक लोग जाम में फंसे रहे। दोनों ओर लगभग 20 किलोमीटर का लाइन लग गया।



जिससे लोग परेशान होने लगे। यात्री बस के जाम में फंस जाने से यात्री लगेज व सामान लेकर परेशान होते रहे। वाहनों की लंबी कतार लग जाने की जानकारी प्राप्त होने के पुलिस बल मौके पर रवाना हुई। सड़क पर पलटे हुए ट्रेलर को घाट के बीचो-बीच से हटाने के लिए वहां पहुंचने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। इधर करीब 10 घंटा से जाम में फंसे रहे यात्री पैदल ही प्रतापपुर पहुंचे।

## गायत्री खदान स्थित गैंनवेल कंपनी के इंजीनियरों के काम छोड़ने से मशीन का काम हुआ प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- सीएम मशीन के ब्रेक डाउन के दौरान सुधार कार्य में लग रहे अतिरिक्त समय के कारण गायत्री खदान में कोयला उत्पादन में आई भारी गिरावट

एसईसीएल बिश्रामपुर के गायत्री खदान में सीएम मशीन के समय- समय पर ब्रेक डाउन हो जाने के कारण खदान का कोयला उत्पादन में गिरावट आ रही है।बता दें कि वर्ष 2023 जनवरी में इस खदान से कोयला उत्पादन का जिम्मा एसईसीएल ने निजी कोयला उत्खनन कंपनी कोलकाता की गैंनवेल प्राइवेट लिमिटेड को डेढ़ दशक का अनुबंध कर कोयला उत्पादन का कार्य सौंपा गया है। निजी कंपनी द्वारा आधुनिक तकनीक कंटिन्यूअस माइनर मशीन के जरिए जनवरी 2023 से यहां कोयला उत्खनन का कार्य शुरू किया था।




शुरुआत में नई मशीन और कुशल इंजीनियरों की देखरेख में कोयला उत्खनन का कार्य आरंभ हुआ और यह खदान बिश्रामपुर क्षेत्र की इकलौती खदान थी जिसने सलाना उत्पादन लक्ष्य आठ लाख अस्सी हजार टन कोयला उत्पादन कर लक्ष्य प्राप्त कर लिया था।अब सीएम मशीन स्थापना के दो वर्ष हो चुके हैं,ऐसे में मशीन पुरानी होने के साथ कंपनी के कुशल इंजीनियरों की पूरी टीम जिसमें 22 इंजीनियर शामिल थे जो हाल ही में गैंनवेल कंपनी को छोड़ ऊँचे दर के सालाना पैकेज में दूसरी अन्य कंपनी को ज्वाइन कर लिया है।बताया जाता है कि 22 इंजीनियरों की जो कार्य में दक्ष टीम थी उसके चले जाने के बाद गायत्री खदान की सीएम मशीन के ब्रेक डाउन हो जाने के दौरान सुधार कार्य में काफी समय लग जाने के कारण अतिरिक्त विलम्ब से इसका सीधा प्रभाव खदान के कोयला उत्पादन पर पड़ा है।वर्तमान में गायत्री खदान से महज 1800 से 2000 टन ही कोयला उत्पादन हो रहा है, पूर्व में यही खदान 3500 टन या उससे अधिक कोयला उत्पादन रोजाना कर लेती थी।गत वर्षों के मुकाबले गायत्री खदान से कोयला उत्पादन में आई गिरावट से प्रबंधन और निजी कंपनी दोनों परेशान हैं।

वर्तमान में इस खदान में दो सीएम से कोयला उत्खनन का कार्य किया जा रहा है।बता दें कि वर्तमान में जून के मध्य से शुरू हुई बारिश पूरे जुलाई में तेज और सामान्य वर्षों के अपेक्षा में बारिश अधिक होने से ओपन कास्ट खदानों में इसका सीधा असर हुआ है।ओपन कास्ट खदान में जहां कोयला उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हूआ है जिससे क्षेत्र का उत्पादन का ग्राफ नीचे गिर गया है,बिश्रामपुर क्षेत्र में दो ओपन कास्ट सरगुजा जिले की अमेरा खुली खदान व सूरजपुर जिले की आमगांव ओपन कास्ट परियोजना संचालित है।कोल इंडिया की पहली एमडीओ माइन केतकी भूमिगत परियोजना की हालत अब धीरे धीरे सुधरने लगी है,यहां भी निजी कोयला खनन कंपनी संचेती माइनिंग ग्रुप एसएमएस द्वारा लगातार कोयला उत्पादन बढ़ाने जोर शोर से प्रयास किया जा रहा है और पहले के मुकाबले कोयला उत्पादन भी बढ़ा है।

बिश्रामपुर महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने बताया कि कुमदा 7-8 खदान में डी वाटरिंग शुरू किया गया है,पानी सुखा लेने के बाद यहां कोयला उत्पादन शीघ्र शुरू होने के उम्मीद है जबकि बलरामपुर खदान के सीटीओ के लिए पब्लिक हियरिंग जन सुनवाई के लिए प्रक्रिया जारी है।बारिश के कारण क्षेत्र का कोयला उत्पादन प्रभावित हूआ है, बारिश के मौसम के बाद कोयला उत्पादन पूरी गति के साथ शुरू किया जायेगा।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** बाइक की टक्कर एवं बाइक के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिरने की अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बाग बहार अंतर्गत ग्राम कोकरी चोली निवासी सूरज कुमार यादव आ. इंदल साय (19 वर्ष) 31 जुलाई की शाम को पत्थलगांव से संदीप व पवन के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही रात 9.30 बजे ग्राम लझिया पारा चौक के समीप पहुंचे तभी बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने संदीप को मृत घोषित कर दिया जबकि सूरज की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां देर रात चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया वहीं घायल पवन का स्थानीय अस्पताल में उपचार जारी है। वहीं दूसरी घटना में केदमा पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम बनकेसमा निवासी सुखनी बाई पति चंदर किशोर कोरवा (35वर्ष) पिछले कुछ दिनों से परिवार के साथ सकालो बंगाली पारा में किराए के घर में रह रही थी। बीती रात 8 बजे हैंडपंप में पानी लेने जा रही थी। तभी बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
12 दिन
स्लीपर मात्र 17,500/-

केरल दर्शन
मुन्नार, थेक्कड़ी, अल्लेप्पी, त्रिवेंद्रम
13 सितंबर, 20 सितंबर, 4 अक्टूबर, 15 नवंबर, 13 दिसंबर
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 3 एसी- 32,500/-,(+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411